पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल से गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भेंटकर होली की बधाई दी

——————

होली के उपलक्ष्य में राजभवन के कर्मचारियों को राज्यपाल ने उपहार भेंट किया

——————

लखनऊः 17 मार्च, 2022

होली के पावन पर्व पर आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयाँ दी।

राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री श्री ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव श्री अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव श्री नवनीत सहगल एवं श्री संजीव दुबे, पुलिस महानिदेशक श्री मुकुल गोयल, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश, ए0डी0जी0 लॉ एण्ड आर्डर श्री प्रशान्त कुमार तथा डिम्पल वर्मा (आई0ए0एस0), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय पाठक, शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास, विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 आर0के0पी0 सिंह, आर0एम0एल0 आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की निदेशक डा0 सोनिया नित्यानंद तथा पत्रकारबन्धु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे।

इससे पूर्व राज्यपाल से अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने भेंट कर होली की

बधाइयां दी। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन में कार्यरत कर्मचारियों को होली के उपलक्ष्य में उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (175/29)
सम्पर्क सूत्र 9453005360